# ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस में स्थाई तौर पर दो अतिरिक्त जनरल कोच की वृद्धि

जबलपुर 8 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं मांग को देखते हुए अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी में सामान्य श्रेणी के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 12198/12197 ग्वालियर-भोपाल-ग्वालियर एक्सप्रेस में 2 अतिरिक्त सामान्य श्रेणी कोच स्थायी रूप से जोड़े गए है। इस कोच वृद्धि के बाद अब कुल 21 कोच हो गये है, जिसमें सामान्य श्रेणी कोचों की संख्या 15 हो गयी है। यात्रियों को 4 अगस्त 2025 से इस सुविधा का लाभ मिल रहा है एवं यात्रा अनुभव अधिक सहज हो गया है।

**अतिरिक्त कोच बढ़ जाने से कोच संरचना:-** 1 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 3 शयनयान श्रेणी, 15 सामान्य श्रेणी एवं 2 एसएलआरडी सहित अब 21 कोच हैं।

रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे इस सुविधा का लाभ उठाएं और यात्रा से पूर्व गाड़ियों की समय-सारिणी एवं ठहराव की जानकारी के लिए अधिकृत स्रोतों जैसे रेल मदद 139 या NTES ऐप का उपयोग करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/282/2025 दिनांक 08.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर